परेशानी — जब जरूरत तब नहीं दिखी यातायात व्यवस्था, खूब लग रहा जाम

## उजड़ गए बाजार के अंदर बने वन-वे !

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। विशेषकर शहर के प्रमुख बाजारों में वन-वे सिस्टम पूरी तरह से दम तोड़ता नजर आ रहा है। जहां बड़े वाहन धड़ल्ले से बाजार के अंदर प्रवेश कर रहे थे, और त्यौहार में खरीददारी करने पहुंचे लोग जाम से जूझते नजर आए। विदित है कि यातायात विभाग द्वारा लार्डगंज चौराहे पर वन वे बनाया गया था। जहां से बड़े वाहनों को गंजीपुरा, सुपर मार्केट की ओर प्रवेश नहीं दिया जा रहा था, लेकिन जन्माष्टमी त्योहार के समय से ही यह वन- वे सिस्टम पूरी तरह से उजड़ गया,जिससे बड़े वाहनों का आवागमन बाजार क्षेत्र में होता रहा।





### बैठक की योजना कागजों तक

पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में वन-वे को लेकर पुन: सख्ती के निर्देश दिए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। एक ओर जहां जिला प्रशासन और यातयात विभाग ने बाजारों में सुचारू यातायात के लिए कई मार्गों को एकतरफा किया था, ताकि पैदल यात्रियों और दुकानदारों को राहत मिल सके। लेकिन बैठक करके बनाई गई योजना सिर्फ कागजों में रह गई है। वाहन चालक मनमर्जी से गलत दिशा में वाहन चलाते हैं, जिससे हर रोज घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है।

### राहगीरों की परेशानी बढ़ी

राहगीरों का कहना है कि बाजार के अंदर से आवागमन करने पर कई बार जाम में फंस जाते हैं। चार पहिया, लोडिंग वाहन और ई- रिक्शा के कारण बाजार में चलना भी मुश्किल हो गया है। उनकी मांग है कि त्योहारों में बढ़ती भीड़ के समय बड़े वाहनों की एंट्री को सख्ती से रोकना चाहिए।

**इनका कहना है**

फोर्स की गैरमौजूदगी में लोग नियमों का पालन नहीं करते हैं, जल्द ही लार्डगंज में बना हुआ एकांगी मार्ग व्यवस्थित रूप से शुरू होगा, जिससे ट्रैफिक दवाब भी कम होगा।

**अंजना तिवारी**
**अति पुलिस अधीक्षक, यातायात**

## 15 मिनट में सफाई का दावा, डिब्बों के बाहर झांके रेलवे

**स्पेशल ट्रेनों में गंदगी, डिब्बे देख मानो महीनों से नहीं हुए साफ**

**जबलपुर, नवभारत।** रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों को इन दोनों गंदगी के बीच सफर करना पड़ रहा है। इसका उदाहरण गुरुवार शाम जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर पहुंची जालना छपरा स्पेशल ट्रेन में देखने को मिली। स्पेशल ट्रेन का आलम ये था कि इसके स्लीपर क्लास से लेकर थर्ड एसी तक के डिब्बे महीनो से साफ नहीं किए गए थे। वही बोगियों के अंदर के हालत भी बद से बत्तर हो चुके थे। बता दे कि इस ट्रेन में जनरल टिकट के यात्रियों की भारी भीड़ तो उमड़ ही रही थी। वही स्लीपर और एसी में यात्रा करने वाले भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### अंदर बाहर हाल एक समान

जैसे-जैसे त्योहारों का सीजन करीब आता जा रहा है, वैसे वैसे रेगुलर ट्रेनों के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनों में भी भीड़ बढ़ती चली जा रही है। लेकिन स्पेशल ट्रेनों से इन दिनों यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। इन स्पेशल ट्रेनों की सफाई व्यवस्था बिल्कुल ठप हो चुकी है। स्थिति ये है इन ट्रेनों के सेकेंड और थर्ड एसी तक में यात्रियों को गंदगी मिल रही है। सफाई को लेकर स्लीपर और जनरल बोगियों का तो और भी ज्यादा बुरा हाल है। जबलपुर से छपरा तक स्पेशल ट्रेन की जनरल बोगी में यात्रा करने वाले अशोक सिंह ने डिब्बे में गंदगी को आपत्ति दर्ज की। उन्होंने बताया कि पूरी बोगी में यहां-वहां कचरा बिखरा हुआ है। हालांकि रेलवे द्वारा बोगी के अंदर की सफाई तो 15 मिनट में कर दी जाती है, किंतु बोगी के बाहर झांकने का रेलवे को टाइम नहीं मिलता है।

## दुर्गा मंदिर में चोरी, श्रद्धालुओं में आक्रोश



**माता के जेवर, दान पेटी ले गया चोर**

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत करमचंद चौक स्थित दुर्गा मंदिर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दानपेटी, माता रानी का लगभग चार ग्राम वजनी सोने का मंगसूत्र चुराकर ले गए। सुबह जब श्रद्धालुओं को चोरी का पता चला तो आक्रोश भड़क गया। सूचना पर पहुंची पुलिस नेअज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक करमचंद चौक में दुर्गा मंदिर है। पुजारी पुष्पराज चतुर्वेदी रोजाना की तरह बीती रात मंदिर के द्वार बंद कर चले गए थे। गुरूवार सुबह जब वह मंदिर पहुंचे तो गेट का ताला टूटा हुआ था। कांच का दरवाजा भी टूटा पड़ा था। दानपेटी और मां भगवती का पहना हुआ सोने का हार गायब था। जब श्रद्धालु पहुंचे तो आक्रोश भड़क गया। गुस्साएं जनों ने पुलिस गश्त पर भी सवाल उठाए। उनका कहना रहा कि पुलिस गश्त नहीं करती हैं जिसके चलते चोरों के हौंसले बुलंद है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशिजनों को जल्द ही आरोपियों के पकड़े जाने का आश्वासन दिया।

### शिव मंदिर में भी हुई चोरी

कटंगी थाना अंतर्गत शिव मंदिर में चोरों ने धावा बोला। दान पेटीमें रखी चढोतरी लेकर फरार हो गए। यह वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। तीन चोर वारदात को अंजाम देते दिखाई दे रहे है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

### थाने के मंदिर में चोरी करने वाला धराया

गत दिवस शहपुरा थाना प्रांगण में बने मां जगदम्बा का भव्य मंदिर में चोरी हुई थी। इस मामले में तिलवारा पुलिस ने एक चोर को दबोचा है। जिसने थाना परिसर में बने मदिर में चोरी करना स्वीकार किया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही हैं।



### न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन छग हाईकोर्ट स्थानांतरित

**जबलपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय स्थानांतरण कर दिया गया है। वहीं गुजरात उच्च न्यायालय से न्यायमूर्ति संदीप नटवरलाल भट्ट का मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरण किया गया है। बता दे कि 24 मई 1966 को जन्मे न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन 7 अप्रैल 2016 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त हुए थे और मार्च, 2018 में उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया था।

## अब बरेला में डकैती : नकाबपोशों ने की लूटपाट, दहशत में पीड़ित

**आधा दर्जन नकाबपोश डकैतों पर एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र में नकाबपोश डकैतों ने एक युवक को निशाना बनाते हुए नगदी, मोबाइल, बाइक लूट लिए। इसके बाद हमला करने दौड़े तो युवक झाड़ियां में छिप गया और दहशत में पूरी रात झाड़ियां में ही गुजरी। इसके बाद मामला थाने तक पहुंचा। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आधा दर्जन डकैतों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली हैं। पुलिस ने बताया कि कुनाल बर्मन 20 वर्ष निवासी अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 8 बजे पड़वार होते हुये अपनी बड़ी मम्मी सरस्वती के यहां बघराजी घूमने के लिये मामा राजकुमार बर्मन गोरखपुर वालों की मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनपी 9217 से लगभग 9-30 बजे सचिन उपाध्याय के फार्म हाउस पहुंचा रोड के दाहिने तरफ प्रेमलीला फार्महाउस की तख्ती गड़ी है



वहां पर 2 मोटर सायकल एवं एक स्कूटी में 6 अज्ञात व्यक्ति खड़े थे वह जैसे ही उनके सामने रोड पर पहुँचा सभी 6 अज्ञात व्यक्ति आवाज लगाकर बोले कि आप से मदद चाहिये उसने मोटर सायकल रोका तो एक व्यक्ति ने उसकी गाडी की चाबी निकाल लिया और बोला कि तेरे पास मोबाइल पैसा जो हो सब निकाल उसने कहा कि कुछ नहीं है तो एक लड़के ने उसकी पेंट की जेब में रखा एक मोबाइल, नगदी 1500 रूपये तथा मोटर सायकल भी लूट लिये सभी व्यक्ति मुंह में कपड़ा बांधे हुये थे।

### सुबह 11 बजे निकला बाहर संदेहियों से पूछताछ

पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी उसे मारने को हुये तो वह मोटर सायकल छोड़कर दौड़ फार्म हाउस के पीछे झाड़ियों में छिप गया था पूरी रात झाड़ियों में छिपा रहा। सुबह पैदल 11 बजे बर्मन मोहल्ला बरेला अपनी बुआ वर्षा बर्मन के घर आया बुआ एवं मामा को घटना की बात बतायी जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने डकैतों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। साथ ही संदेहियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले जा रहे है ताकि आरोपियों की शिनाख्त हो सके।

### ढाई माह में तीसरी डकैती दर्ज

जिला डकैतों का गढ बनता जा रहा है। ढाई माह में यह तीसरी डकैती दर्ज हुई हैं। 11 अगस्त को खितौला स्थित इसाफ स्माल फाइनेंस बैंक में पांच डकैत डकैती डालकर 14 किलो 875 ग्राम सोना और 5, लाख 8 हजार रूपए लूटकर ले गए थे। 18 जून को सिहोरा खितौला में पड़ी पड़ी थी। जियो पेट्रोलपम्प के आगे प्रतीक्षालय जबलपुर नेशनल हाईवे रोड के पास हथियारों लैस पांच डकैतों ने भाजपा नेता सुजीत कुमार सिंह पिता राजेन्द्र प्रताप सिंह 53 वर्ष निवासी ग्राम शमशेरपुर थाना नौगढ जिला चंदोली उत्तरप्रदेश अपनी पत्नी नीतू सिंह, लडका श्रेय सिंह, साथी गुलजार खान ड्राईवर टीपू सुल्तान पर हमला कर पांचा तोला सोने चैन लूटकर भाग गए थे।

**इनका कहना है**

वारदात में छह आरोपी शामिल हैं, मामले में डकैती समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। विस्तृत जांच जारी हैं। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

**सुश्री आकांक्षा उपाध्याय**
**उप पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण**

## डॉक्टर के सीने में उठा दर्द, मौत

**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉ को अचानक सीने में दर्द उठा जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक डॉ. विवेक श्रीवास्तव 57 वर्ष निवासी एच 10 स्वास्तिक विला तिलवारा रोड शास्त्रीनगर मेडिकल कॉलेज में पदस्थ थे। बुधवार शाम 7-50 बजे उनके सीने में दर्द उठा और वह चक्कर खाकर गिर गए। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जिन्हें डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर की मौत से चिकित्सा जगत में शोक की लहर है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

बरगी थाना अंतर्गत रैपुरा में सर्पदंश से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि आनंद चडार 24 वर्ष निवासी ग्राम रैपुरा को बीती रात 1-30 बजे घर में सांप द्वारा काट लेने के कारण पिता छोटेलाल द्वारा लाया गया था जिसे डाक्टर ने प्रात: 9-30 बजे मृत घोषित कर दिया।

## 43 हजार 384 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण

**जबलपुर।** जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। जिले में इस वर्ष अभी तक 43 हजार 384 मीट्रिक टन यूरिया, 14 हजार 998 मीट्रिक टन डीएपी, 8 हजार 337 मीट्रिक टन एनकेपी का वितरण किया जा चुका है। अभी भी 21 हजार 149 मीट्रिक टन उर्वरक जिले में उपलब्ध है। इसमें 3 हजार 168 मीट्रिक टन यूरिया, 5 हजार 976 मीट्रिक टन डीएपी, 511 मीट्रिक टन एमओपी, 1 हजार 867 मीट्रिक टन एनपीके एवं 9 हजार 693 मीट्रिक टन एसएसपी शामिल है।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के अनुसार किसानों को उर्वरक का वितरण करने विपणन संघ तथा सहकारी समितियों को 988 मीट्रिक टन यूरिया, 1 हजार 580 मीट्रिक टन डीएपी एवं 1 हजार 234 मीट्रिक टन एनकेपी उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में 664 मीट्रिक टन यूरिया, 2 हजार 480 मीट्रिक टन डीएपी एवं 1 हजार 231 मीट्रिक टन एनकेपी उर्वरक उपलब्ध है।

### 3 हजार मीट्रिक टन यूरिया की रैक लगी

उप संचालक कृषि के मुताबिक गुरूवार 28 अगस्त को इफको की 3 हजार 168 मीट्रिक टन यूरिया की रैक लग चुकी है। इस रैक से जिले के डबल लॉक केन्द्रों, समितियों एवं निजी विक्रेताओं को 2 हजार 195 मैट्रिक टन यूरिया प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया शीघ्र ही एनएफएल की 1 हजार 515 मीट्रिक टन डीएपी की रैक भी लगने वाली है।

## विधायक कार्यालय में निकला सांप

**जबलपुर।** उत्तर मध्य क्षेत्र विधायक अभिलाष पांडेय के होमसाइंस कालेज के सामने स्थित कार्यालय सेवा-सदन में शाम 06 बजे एक साढ़े पांच फीट लंबा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ता राजेन्द्र पटेल ने तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

## बहुत परेशान हूं...कहते हुए युवक ने खाया सल्फास, मौत

**जबलपुर।** कोतवाली निवासी एक युवक ने भाई को फोन कर कहा कि बहुत परेशान हूं और सेल्फास का लिया।

पुलिस ने बताया कि साहिल यादव 27 वर्ष निवासी नया मोहल्ला बाबली के पास ओमती ने सूचना दी उसका भाई संदीप ठाकुर ने उसे फोन करके बोला है कि बहुत परेशान हूँ सेल्फास खा लूंगा तो उसने कहा कि घर आकर बात करूंगा तुम कुछ मत नहीं करना, फिर कुछ देर बाद उसने अपने भाई संदीप से सम्पर्क किया तो फोन उठाया, वह भाई संदीप ठाकुर उम्र 42 वर्ष निवासी बासू डेयरी के पीछे कोतवाली आया उसका भाई बेहोश मिला, जीजा के साथ आटो में भाई को मन्नूलाल अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर उसके भाई संदीप ठाकुर का मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## चोरी के शक में पिता-पुत्र ने पड़ोसी पर चाकू, ब्लेड से किए वार

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत नर्मदा नगर में पिता-पुत्र ने घर में चोरी के शक में पड़ोसी की हत्या करने के इरादे से चाकू ब्लेड से वार कर दिए हमले में घायल को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि नीरज रजक 35 वर्ष निवासी नर्मदा नगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पड़ोसी भारत कोष्टा के यहां 4 वर्ष पूर्व चोरी हुयी थी तभी से भारत और उसका बेटा अमित उसके द्वारा चोरी करने का उलाहना देते हैं बीती रात 12-15 बजे घर के सामने भारत कोष्टा और अमित कोष्टा मिले और चोरी की बात को लेकर विवाद करने लगे जान से मारने की नियत से भारत ने चाकू एवं अमित ने ब्लेड से हमलाकर उसके दोनों हाथ, पेट सीना गर्दन, गाल, कंधा में चोटें पहुँचा दीं।

### मिठाई दुकान कर्मी पर उस्तरा से हमला

गोराबाजार थाना क्षेत्र में मिठाई दुकान कर्मचारी पर साथी कर्मी ने उस्तरा से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया किराजू उर्फराजेश सिंह सोलंकी 25 वर्ष ने रिपोर्अ दर्ज कराई कि वह मां नर्मदा स्वीटस दुकान बिलहरी में काम करता है दुकान में ही रहता है। गुरूवार सुबह लगभग 11-35 बजे रोज की तरह दुकान में काम कर रहा था तभी दुकान में काम करने वाला डीके उर्फ विनोद सेन निवासी कजरवारा का शराब पिये था जिससे उसने काम करने के लिये कहा तो डीके उर्फविनोद सेन उससे विवाद करने लगा। पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो उस्तरा से हमलाकर चोट पहुंचा दी।

## फर्जी प्रमाण पत्र से खुद को बताया पत्नी

**हड़पना चाह रही मृतक की संपति, परिजनों ने की कलेक्टर से शिकायत**

**जबलपुर।** फर्जी आईडी और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर अविवाहित युवक की स्वयं को उसकी पत्नी बनकर संपत्ति हड़पने को लेकर परिजनों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर शिकायत की है। शिकायत में बताया कि ग्राम तेवर भेड़ाघाट निवासी माधुरी विश्वकर्मा पति स्व. कौडीलाल विश्वकर्मा ने बताया कि उसका पुत्र स्व. राजेश विश्वकर्मा जो कि अविवाहित था और काफी बीमार था। इलाज लाईफ मेडीसिटी अस्पताल में चल रहा था और इलाज के दौरान 28 मई 2025 को उसका निधन हो गया। परिजनों के द्वारा अस्पताल में दी गई जानकारी के आधार पर अस्पताल के द्वारा उसे मृत्यु पंजीकरण की डिटेल ऑनलाईन भरी गई जिसमें उनके द्वारा उसे अविवाहित ही दर्ज किया गया, अस्पताल के द्वारा ऑनलाईन भरी गई जानकारी के आधार पर परिजनों के द्वारा उक्त दस्तावेज के आधार पर आपके नगर पालिक निगम जोन नं. 5 जबलपुर से अपने अविवाहित पुत्र राजेश विश्वकर्मा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया गया और उसके अविवाहित होने का उल्लेख स्पष्ट अंकित था। फरवरी 2025 में परिजनों को ज्ञात हुआ कि कोई परवीन बानो उर्फ नीलम विश्वकर्मा उर्फ



नीलम ठाकुर, पूनम ठाकुर एवं सोनम ठाकुर के द्वारा षड़यंत्रपूर्ण ढंग से छल कपट व धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेजों का निर्माण कर उसके पुत्र राजेश विश्वकर्मा की संपत्ति को हड़पने की नियत से मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम जोन कमांक 5 से जारी होने के उपरांत उसमें स्वयं को पत्नी बताकर परवीन बानो उर्फ नीलम विश्वकर्मा उर्फ प्रवीणा ठाकुर के द्वारा अपना नाम पत्नी के स्थान पर दर्ज कराया एवं अपना आधार कार्ड भी लिंक करा लिया। महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत 28 मार्च 2025 को एक आवेदन पत्र जोन क्रमांक 5 संजय गांधी मार्केट नगर निगम को प्रेषित किया गया तथा तत्संबंध में जानकारी चाही गई जिस पर जोन कमांक 5 नगर निगम जबलपुर के द्वारा दस्तावेज सहित जानकारी प्रदान की गई कि डेड बॉडी हेंड ओवर सर्टिफिकेट के आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र में पत्नी का नाम जोड़ा गया है। महिला माधुरी विश्वकर्मा एवं परिजनों ने कलेक्टर को शिकायत की है कि परवीन बानो उर्फ नीलम विश्वकर्मा उर्फ प्रवीणा ठाकुर, पूनम ठाकुर एवं सोनम ठाकुर के द्वारा एक मृत व्यक्ति की संपत्ति को हड़पने की नियत से लगातार दस्तावेजों में हेर फेर की जा रही है, जिसकी उचित जांच कराकर कार्यवाही की जाए।

शोक — पुलिस ने दी शोक सलामी, आईजी, डीआईजी, एसपी ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

## नम आंखों से प्रधान आरक्षक को दी गई अंतिम बिदाई

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत अंधमूक बायपास में बुधवार रात्रि तेज रफ्तार बुलेरो ने आरोपी को पकडने गए प्रधान आरक्षक को रौंद दिया था। हादसे में पुलिस जवान की मौत हो गई थी। हादसे के बाद से पुलिस महकमें और परिजनों में शोक की लहर है। गुरूवार को दिवंगत प्रधान आरक्षक अभिषेक शिन्दे को नम आंखों से विदाई दी गई। उनके पार्थिव शरीर को तिलवारा घाट में जबलपुर पुलिस द्वारा शोक सलामी दी गयी। पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज जबलपुर अतुल सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा



पुष्पचक्र अर्पित करते हुये श्रद्धांजलि दी गयी। 2 मिनट का मौन रखकर परमपिता परमेश्वर से शोकाकुल परिवार को इस आघात को सहने की शक्ति देने प्रार्थना की गयी। विदित हो कि लार्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी चौकी में दर्ज एक अपहरण प्रकरण के फरार आरोपी के बस के जरिए आने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना की तफ्तीश और आरोपी को पकडने के लिए चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंदे पुलिस जवानों के साथ शासकीय वाहन से गए थे। अंधमूक में आरोपी का पुलिस टीम इंतजार कर रही थी,बस से दो संदेही उतरे तो एक को पकड़ा गया जबकि दूसरा भागने लगा जिसका पीछा करते समय प्रधान आरक्षक अभिषेक को बुधवार रात्रि 8-30 बजे बुलेरो क्रमांक एमपी 20 जेड एल 8879 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पुलिस जवान को कुचल दिया था। हादसे में प्रधान आरक्षक की मौत हो गई थी। गुरूवार को प्रधान आरक्षक को अंतिम विदाई नम आंखों से दी गई। इस अवसर पर अतिरक्त पुलिस अधीक्षक शहर जितेन्द्र सिंह, समस्त नगर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, कन्ट्रोलरूम प्रभारी, अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आरोपी चालक की गिरफ्तारी, बोलेरो जब्त

पुलिस ने आरोपी चालक गुरूदेव यादव 28 वर्षीय निवासी शहडोल को गिरफ्तार कर लिया है साथ ही बुलेरो को जब्त कर लिया गया है।

### मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

दिवंगत प्रधान आरक्षक की मां शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त है जो शिक्षिका रही। पिता स्व. प्रकाश शिंदे रेल्वे में पदस्थ रहे। उनकी पत्नी प्रियंका शिंदे और बेटा शिवाय 6 वर्षीय, बेटी पीहू 10 वर्षीय है। हादसे के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। जब पुलिस जवान का शव पहुंचा तो परिजन शव से लिपटकर रोते बिलखते रहे। दो बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे।

## निधि आपके निकट 2 .0 के दौरान निपटाए 109 मामले

**नवभारत,जबलपुर।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर के अंतर्गत व्याप्त 19 जिलों में 28 अगस्त 2025 को निधि आपके निकट 2.0 शिविर आयोजित किए गए। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर में शिविर आयोजित किया, शिविर के दौरान कुल 16 शिकायतों की निपटान किया गया। 19 जिलों में आयोजित शिविर के दौरान 150 से अधिक संख्या में विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी एवं नियोक्ता अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। शिविर के दौरान 109 शिकायतों का त्वरित निपटान किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में आयोजित शिविर के दौरान राकेश सरहावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त- । द्वारा उपस्थित भविष्य निधि सदस्यों एवं पेंशनरों को इस बात से



अवगत कराया गया कि कभी भी अपने आधार, पैन और बैंक खातों की जानकारी किसी भी अंजान में व्यक्ति के साथ साझा न ऐसा करने पर ये धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है, जिसकी शुरुवात यूएएन से फर्जी संस्थान द्वारा सदस्य आईडी लिंक कर की जाती है। फर्जी आईडी लिंक किये जाने संबंधी अनेक शिकायतें संगठन को प्राप्त हो रही है। शिविरों के सफल आयोजन हेतु एक नोडल टीम का गठन किया गया जो समस्त टीमों के सम्पर्क में रही एवं समय-समय पर फील्ड में तैनात टीम को मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ शिकायतों के निराकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराती रही। शिविर में धीरेन्द्र नायडू, सहायक निदेशक, सज्जन कुमार एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के प्रयर्तन अधिकारी चंद्रभान उपस्थित रहे।